


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 276 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 22 जुलाई 2025 | मूल्य 2 रुपया

## मामला जिले में रूफ टॉप सोलर लगवाने का...

# सौर ऊर्जा का उपयोग करने में मंदसौर गतिमान

## संभाग में चौथे नंबर पर पहुंचा, 1100 स्थानों पर लगे सोलर पैनल, करोड़ों की सब्सिडी भी उपभोक्ताओं को मिली

**मंदसौर, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। सूरज का फायदा उठाने में मंदसौर की स्थिति संभाग में ठीक ठाक है। यहां हम बात रहे हैं रूफ टॉप सोलर की। जिससे घरों की छत पर बिजली तैयार की जाती है। छतों पर बिजली बनाने में संभाग में मंदसौर चौथे नंबर पर है। इस योजना में करोड़ों रुपए की सब्सिडी का लाभ भी संभाग के हजारों लोग ले चुके हैं।**

जिले में रूफ टॉप सोलर लगवाने वाले उपभोक्ताओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। अब तक 1100 स्थानों पर सोलर पैनल लग चुके हैं। इससे हमारा जिला संभाग में तीसरे नंबर पर पहुंच गया है। पहले नंबर पर उज्जैन और दूसरे नंबर पर देवास है। जबकि, रतलाम तीसरे नंबर पर है। इसके बाद हमारे यहीं सबसे ज्यादा छतों पर बिजली पैदा हो रही है। एक साल में इन्हें लगाने वाले उपभोक्ताओं की संख्या दोगुना से ज्यादा होगी। सोलर पैनल लगाने वालों की संख्या लगातार बढ़ने की वजह अपने उपयोग की बिजली स्वयं पैदा करना और बिजली की निर्भरता कम करना तो कारण है ही साथ ही सोलर पैनल लगाने पर सब्सिडी मिलना है। तीन किलो वॉट का लगाने पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी मिलती है। इससे उपभोक्ता इसकी तरफ आकर्षित हो रहे हैं। बिल की राशि 90 फीसदी तक कम हो जाती है।

### एक साल में तेजी से बढ़े...

अधिकारियों के अनुसार रूफ टॉप सोलर नेट मीटर योजना का कंपनी क्षेत्र में प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। जिले में करीब 1100 स्थानों पर पैनल लगे हैं। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना लागू होने के बाद एक साल में तेजी से उपभोक्ता बढ़े। इसको लेकर प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। जिससे लोग इस और आकर्षित भी हो रहे हैं।

### सोलर पैनल लगाने वालों को मिली करोड़ों की सब्सिडी...

पीएम सूर्यधर मुफ्त बिजली योजना में घरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने पर पहले एक किलो वॉट पर 30 हजार, दूसरे पर तीस हजार एवं तीसरे किलो वाट पर 18 हजार की सब्सिडी दी जाती है। इस तरह तीन किलो वॉट के संयंत्र लगाने पर अधिकतम 78 हजार की सब्सिडी दी जाती है। घरों पर तीन किलो वॉट से ज्यादा के संयंत्र भी लगाए जा सकते हैं। लेकिन, अधिकतम सब्सिडी 78 हजार ही देय है। अब तक संभाग में 12 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 90 करोड़ की सब्सिडी जमा हो चुकी है। संभाग में 30 करोड़ और जिले में 5 करोड़ रुपए की सब्सिडी उपभोक्ताओं को मिल चुकी है।

### छत पर रूफ टॉप सोलर लगाने के फायदे...

**बिजली बिल में बचत:** सोलर पैनल से उत्पन्न बिजली का उपयोग करके बिजली बिल को काफी कम कर सकते हैं।

**पर्यावरण संरक्षण:** सोलर ऊर्जा एक स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत है, जो प्रदूषण को कम करने में मदद करता है।

**संपत्ति के मूल्य में वृद्धि:** सौर ऊर्जा से लैस घर, संभावित खरीदारों के लिए अधिक आकर्षक होते हैं, जिससे उनकी संपत्ति का मूल्य बढ़ सकता है।

**सरकारी सब्सिडी:** कई सरकारें रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित करने के लिए सब्सिडी प्रदान करती हैं, जिससे लागत कम हो जाती है।

**ऊर्जा स्वतंत्रता:** आप अपने घर के लिए बिजली उत्पन्न करके ग्रिड पर अपनी निर्भरता कम कर सकते हैं।

**कम रखरखाव:** सोलर पैनलों को कम रखरखाव की आवश्यकता होती है, जिससे समय और पैसे की बचत होती है।

**दीर्घकालिक लाभ:** सोलर पैनल 25 वर्षों या उससे अधिक समय तक चल सकते हैं, जिससे आपको लंबे समय तक लाभ मिलता है।

### संभाग में किस जिले में कितने सोलर पैनल लगे...

| | |
|---|---|
| उज्जैन | 3500 |
| देवास | 2300 |
| रतलाम | 1900 |
| मंदसौर | 1100 |
| नीमच | 1080 |
| शाजापुर | 400 |
| आगर मालवा | 136 |



## बिना निवेश लाभ लेने की तैयारी

### सरकारी भवनों पर लगेंगे 'सोलर रूफटॉप'

**मंदसौर, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सभी सरकारी भवनों की छत पर सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाए जाने की तैयारी है। ये भवन बिजली तैयार करने के साथ जरूरत की बिजली उपयोग करेंगे और शेष बिजली से इनकी बचत भी होगी। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में रेस्को पद्धति से यहां सोलर सिस्टम लगाए जाएंगे। प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला स्तर पर टेंडर भी जारी कर दिए गए हैं। साल के अंत तक तक सभी शासकीय भवनों में सोलर रूफटॉप लगाए जाने की योजना है।

#### बिना निवेश किए ही सरकारी विभागों को मिलेगा लाभ...

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने बताया कि शासकीय विभागों को इन सौर परियोजनाओं में कोई निवेश नहीं करना होगा। शासकीय कार्यालयों द्वारा ऊर्जा के उपयोग के लिए रेस्को विकासक को प्रति यूनिट भुगतान करना होगा। रेस्को द्वारा लगाए गए संयंत्र की प्रति यूनिट दर विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा निर्धारित व्यवसायिक दर (जिसमें शासकीय कार्यालय भी शामिल हैं) से काफी कम होगी। इस प्रकार कार्यालय शून्य निवेश, पहले दिन से बचत, नेट जीरो सिद्धांत पर कार्य कर सकेंगे।

#### अलग-अलग निविदा जारी...

रेस्को परियोजना के तहत मप्र ऊर्जा विकास निगम द्वारा हर जिले के लिए अलग-अलग निविदा जारी की गई है। न्यूनतम दर के आधार पर रेस्को परियोजनाएं स्थापित होंगी।



## मौसमः धूप में तेजी, गर्मी-उमस का असर बढ़ा

**मंदसौर, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** बीते दो-तीन दिन से बारिश नहीं हो रही है। इसलिये किसानो ने भी निंदाई का कार्य शुरु कर दिया है। लगातार बादलों और बारिश के दौर के बाद सोमवार को भी धूप में तेजी रही। इससे गर्मी और उमस का असर थोड़ा बढ़ गया। जिले में बारिश का दौर इन दिनो केवल बूंदाबांदी तक ही सीमित है।

रविवार को भी दिनभर बादल छाए रहे। रुक रुककर बारिश का दौर भी चलता रहा। इधर मंदसौर जिले में औसत 13 इंच बारिश दर्ज की गई है। जबकि, भानपुरा में यह आंकड़ा 36 इंच को पार कर गया है। मंदसौर में अब तक 17 इंच बारिश दर्ज हुई है। प्रदेश में भी तेज बारिश का दौर थम गया है। पिछले दो दिनो से कुछ जिलों में ही हल्की बारिश हुई है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि 21 और 22 जुलाई को कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। इससे दिन का तापमान बढ़ जाएगा। 23 जुलाई से फिर से भारी बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। डॉ. दिव्या के मुताबिक मानसूनी टर्फ और वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) प्रदेश से काफी दूर है। लेकिन, जुलाई के आखिरी सप्ताह फिर से प्रदेश तरबतर हो जाएगा। पूर्वी और दक्षिणी हिस्से में तेज बारिश होने का अनुमान है। बता दें कि प्रदेश में अब तक औसत 20.5 इंच बारिश हो चुकी है। तीन जिले- निवाडी, टीकमगढ और श्योपुर में तो कोटा पूरा हो चुका है। इन जिलों में सामान्य से 15 इंच तक ज्यादा पानी गिर चुका है। ग्वालियर समेत 5 जिलों भी बेहतर स्थिति है। यहां 80 से 95 इंच तक बारिश हो चुकी है। दूसरी ओर, इंदौर और उज्जैन संभाग सबसे पीछे हैं। इंदौर, उज्जैन, शाजापुर, बुरहानपुर और आगर मालवा में 10 इंच से भी कम पानी गिरा है।

## एमपी बोर्ड रिजल्ट 28 या 29 को

**मंदसौर, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की ओर से 10वीं व 12वीं की द्वितीय परीक्षा का दो चरणों में मूल्यांकन कार्य पूरा हो गया है। पहला चरण 02 से 11 जुलाई तक और दूसरा 12 से 20 जुलाई तक चला। इसलिये 28 या 29 जुलाई को परिणाम जारी कर दिया जाएगा। इस परीक्षा में साढे तीन लाख अभ्यर्थियों की नौ लाख उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया।

उधर माशिमं भोपाल के एक केंद्र पर 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा 10वीं का प्रश्नपत्र हल करने के मामले में मूल्यांकन किस तरह होगा। इस संबंध में मंडल की परीक्षा समिति 24 जुलाई को निर्णय लेगी। गलत प्रश्नपत्र हल करने वाले उत्तरपुस्तिकाओं को समिति में भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में समिति निर्णय लेगी।

### तीसरी बार परीक्षा के तनाव से नहीं गुजरना होगा...

मंडल के सचिव केडी त्रिपाठी का कहना है कि विद्यार्थियों का नुकसान नहीं होगा, उन्हें फिर से तीसरी बार परीक्षा के तनाव से नहीं गुजरना होगा। इस प्रकरण में दोषी केंद्राध्यक्ष व पर्यवेक्षक पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं अब तक स्कूल शिक्षा विभाग ने केंद्राध्यक्ष व पर्यवेक्षक पर कोई कार्रवाई नहीं की है। स्कूल शिक्षा विभाग ने केंद्राध्यक्ष व पर्यवेक्षक को निलंबित नहीं किया है।





## सावन के दूसरे सोमवार पर टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर से निकली भव्य कावड़ यात्रा

**पिपलियामंडी, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** श्रावण मास के पावन अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सौहार्द का अनुपम संगम सोमवार को पिपलियामंडी क्षेत्र में देखने को मिला, सावन के दूसरे सोमवार पर परंपरानुसार टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर से मंदसौर स्थित विश्वप्रसिद्ध भगवान पशुपतिनाथ मंदिर तक भव्य पैदल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। जयकारों, भजन-कीर्तन और अखाड़ों के हैरतअंगेज करतबों के साथ कावड़ यात्रियों ने नगर सहित ग्रामीण अंचल में आस्था का वातावरण निर्मित कर दिया। सुबह बालाजी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद बैंड-बाजों व भजन मंडलियों के साथ यात्रा का विधिवत शुभारंभ हुआ। कावड़ यात्रा संघ के संयोजक रामलाल राठौर ने बताया कि यात्रा में नगर सहित आसपास के गांवों के श्रद्धालु भारी संख्या में शामिल हुए। करीब 100 श्रद्धालुओं ने कावड़ उठाई, जबकि करीब 5 हजार भक्तों ने पैदल चलकर यात्रा में भाग लिया। विशेष बात यह रही कि लगातार चौथे वर्ष नगर के सहकारी दालमिल मार्ग स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर से भी कावड़ यात्रा का सहभाग हुआ। मंदिर के राहुल शर्मा ने बताया कि इस बार विशेष रूप से 101 लीटर जल से भरी भव्य कावड़ तैयार की गई, जिसे करीब 300 श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से उठाया और मंदसौर स्थित भगवान पशुपतिनाथ के मंदिर तक ले जाया गया। यात्रा के दौरान नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। मुख्य मार्गों पर स्वल्पाहार, शीतल जल व्यवस्था रही। मंदसौर पहुंचने पर सभी कावडियों का प्रसादी भोज भी सम्पन्न हुआ।

**अखाड़ों के कलाकारों ने लगाए करतब:**–यात्रा के साथ चल रहे अखाड़ा कलाकारों ने अपने करतबों से नगरवासियों का मन मोह लिया। तलवारबाजी, लाठी संचालन और शरीर संतुलन जैसे रोमांचक करतबों ने श्रद्धालुओं के बीच उत्साह भर दिया।

**पशुपतिनाथ मंदिर में किया जलाभिषेक:**–मंदसौर पहुंचने पर कावड यात्रियों ने विश्व प्रसिद्ध भगवान पशुपतिनाथ की अष्टमुखी प्रतिमा के दर्शन कर जलाभिषेक किया और सुख-समृद्धि, उत्तम वर्षा व सामाजिक समरसता की कामना की। धार्मिक वातावरण, भक्ति, उल्लास व सामूहिक सहभागिता की भावना से जनमानस भाव विभोर रहा।

**44 वर्षों से अनवरत जारी है परंपरा:**–पिपलियामंडी के टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर से मंदसौर तक यह कावड यात्रा पिछले 44 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है। वर्ष दर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है, जिससे यह यात्रा अब नगर की एक विशेष धार्मिक पहचान बन चुकी है।

# सांदीपनी स्कूलों की बसे फिर थमी

### खुद बच्चों को छोड़ने पहुंचे पालक

**मंदसौर, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। सांदीपनी स्कूलो की 90 से ज्यादा बसों का संचालन सोमवार से बंद हो गया। इससे करीब 05 हजार से ज्यादा विद्यार्थियो को परेशान होना पड़ा। इसके एक दिन पहले ही स्कूलों ने अभिभावकों को सूचना जारी कर दी गई थी। जसमें कहा गया था कि अब बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने की जिम्मेदारी पालको की होगी। इसके बाद पालक सोमवार को अपने साधन से बच्चों को स्कूल छाड़ने के लिए पहुंचे।**

बस संचालकों के मुताबिक हर बस पर डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा का बकाया राशि नहीं मिलने पर सेवाएं रोक दी हैं। बसों के बंद होने से दूर-दराज के इलाकों से आने वाले बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ना तय है। कई अभिभावकों ने स्कूलों से फिर से बस सेवा शुरू करने की मांग की है। इधर संचालकों का कहना है कि जब तक भुगतान नहीं होगा, बसें बंद रहेगी।

करीब सप्ताह भर पहले भी बस संचालकों ने भुगतान को लेकर बसें बंद कर दी थी। उस समय हुई बैठक में जिला पंचायत सीईओ व डीईओ टेरेसा मिंज ने भुगतान करवाने का आश्वासन भी दिया था। लेकिन, भोपाल स्तर पर बसों के टेंडर के चलते स्थानीय प्रशासन कुछ नहीं कर पाया। शिक्षा विभाग भी अब तक इस विषय को लेकर कोई फैसला नहीं ले पाया है। जिले के साबाखेड़ा, मल्हारगढ, चंदवासा, गरोठ, भानपुरा व गुर्जरबर्डिया स्कूलों में सीएम राइज अर्थात सांदीपनी स्कूलो की बसें चलती है। अब वे बसें नहीं चलने की वजह से बच्चों को खुद स्कूल जाना होगा। बस संचालकों ने बताया कि दो महीने से खर्च नहीं मिला है। एक बस पर प्रति महीने करीब 77 हजार रुपए खर्च के देने का प्रावधान है। इसमें डीजल, ड्रायवर - कंडक्टर की सैलरी व इंस्टालमेंट शामिल होती है। जिले के किसी भी बस संचालकों को भुगतान नहीं हुआ है।




बसें बंद होने से 02 से लगाकर 15 किलोमीटर दूर से आने वाले विद्यार्थियों को परेशानी हुई। संचालकों ने बताया कि उनकी बसें रोजाना बच्चों को स्कूल लाती ले जाती हैं। बैठक के सात दिन बीतने बाद भी भुगतान नहीं हुआ। शनिवार को बस मालिकों ने विद्यालय प्राचार्य को हस्ताक्षरित पत्र सौप कर 21 जुलाई से हड़ताल पर जाने की जानकारी दी थी। बस मालिक दीपक गुप्ता, ईश्वर कलावा और अर्जुन पहाड़िया ने बताया कि समय पर भुगतान नहीं हो रहा। चालक और परिचालकों को वेतन भी नहीं मिल पाया। पीएफ की राशि भी उनके खातों में जमा नहीं की जा रही है। बस सेवा बंद होने से सैकड़ों बच्चों की पढाई पर असर पड़ेगा।

## ओंकारेश्वर के गोमुख घाट पर नीमच का युवा डूबा

**नीमच, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के साथ हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। नर्मदा में स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं के साथ एक सप्ताह में दूसरी घटना सामने आई है। यहां दूसरे राज्यों से आए दो युवक नदी में हादसे का शिकार हो गए। इसमें एक की मौत हो गई, वहीं दूसरे को समय रहते बचा लिया गया।

जानकारी के अनुसार राजस्थान के चित्तौड़गढ़ निवासी विशाल पिता मदनलाल व नीमच जिले के ग्राम छाच निवासी 26 वर्षीय पंकज पिता कैलाश गोमुख घाट के पास स्नान कर रहे थे। बताया जा रहा है कि यह क्षेत्र प्रतिबंधित है। इस दौरान दोनों गहरे पानी में चले गए और नीमच के पंकज की मौत हो गई। वहीं राजस्थान निवासी युवक विशाल को बचा लिया गया।

## सीबीएन के खिलाफ सीबीआई का शिकंजा...

### घूसकांड में ट्रैप हुए इंस्पेक्टर महेन्द्रसिंह और हितेश का आखिर क्या है कनेक्शन..?

**मंदसौर, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। सीबीएन इंस्पेक्टर महेन्द्रसिंह चौधरी के रिश्वतकांड का खुलासा होने के बाद कई दलालो के नाम भी सामने आ रहे है। सूत्र बताते है कि पिपलिया मंडी का हितेश दलाली और हवाला कारोबार से जुडा होकर महेन्द्रसिंह के ईशारे पर अवैध काम करता था। एनडीपीएस के तोड़बट्टे हो चाहे हवाले का रूपया हितेश की भूमिका सबसे अहम मानी जा रही है।**

खबरों के मुताबिक सीबीएन इंस्पेक्टर महेन्द्रसिंह चौधरी की गिरफ्तारी के बाद सीबीआई उन तमाम दलालो की खोजबीन में जुटी है जो महेन्द्रसिंह की अवैध गतिविधियों में शामिल थे। जिसमें पिपलिया मंडी के हितेश का नाम भी शामिल होना बताया जा रहा है। सीबीएन इंस्पेक्टर महेन्द्रसिंह चौधरी के साथ अवैध गतिविधियों में लिप्त बताए जाने वाले हितेश के बारे में सूत्रो के हवाले से यह भी जानकारी सामने आई है कि हितेश कई तस्करो के घर में आसानी से आवा जाही करता है, महेन्द्र के ईशारे पर अब तक कई तस्करो से गठजोड़ बनाकर करोड़ो के तोड़बट्टे करने में हितेश की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है।

# भाजपा नेता हत्याकांड का खुलासा जल्द

## परिवारजनों पर भी शंका की सुई, चर्चा में है मृतक की महिला मित्र और टीआई की कॉल डिटेल

**मंदसौर, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हिंगोरिया बड़ा में भाजपा नेता श्यामलाल धाकड़ हत्याकांड का खुलासा पुलिस जल्द कर सकती है। मामले में पुलिस कई एंगलो से जांच कर कड़ी से कड़ी जोड़ रही है। मामले में परिवारजनो पर भी शंका की सुई घुमी है। बता दें कि अभी तक महिला मित्र को लेकर जांच का बिंदु चल रहा था। परिजनों ने भी महिला मित्र को संदेही बताया, लेकिन इसी महिला मित्र को नाहरगढ टीआई प्रभात गौड़ पहले ही जानते थे। वारदात से पहले टीआई और संदिग्ध महिला भी कॉल पर लगातार एक दूसरे के संपर्क में थे। पुलिस की सीडीआर अर्थात कॉल डिटेल रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। मतलब साफ है कि टीआई भाजपा नेता की महिला मित्र को पहले से ही पहचानते थे। पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद सभी एंगल की जांच पर अपनी नजरे बनाये हुए है।**



मृतक श्यामलाल के पिता दौलतराम धाकड़ का आरोप है कि महिला के उनके बेटे से अवैध संबंध थे और उसी ने सुपारी देकर इस हत्याकांड को अंजाम दिलवाया है। दौलतराम ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे और सड़क पर उतरेंगे। श्यामलाल की पुत्री मोनिका ने भी बताया कि हत्या वाले दिन ही उन्होंने महिला के बारे में पुलिस को सूचना दी थी। लेकिन, पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। मोनिका का कहना है कि उनके पिता के साथ महिला के संबंध संदिग्ध थे और वह हत्या में किसी न किसी रूप से शामिल हो सकती है। श्यामलाल के चचेरे भाई सत्यनारायण धाकड़ ने कहा कि खान की गतिविधियां हमेशा संदेहास्पद रही हैं और वह किसी भी हद तक जा सकती है। हालांकि, उनके पास कोई ठोस सबूत नहीं है, लेकिन परिवार को संदेह है कि हत्या के पीछे महिला ही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, श्यामलाल पर धारदार हथियार से गले और मुंह पर पांच वार किए गए। कमरे की दीवारों पर खून के धब्बे मिले हैं। पुलिस के अनुसार, हत्या से पहले मृतक की अंतिम बातचीत भी महिला मित्र से ही हुई थी, जिससे मामले की गुत्थी और उलझ गई है।


पुलिस ने इस हत्याकांड में मादक पदार्थों के व्यापार, अवैध संबंध, आर्थिक लेनदेन और पुरानी रंजिश जैसे सभी पहलुओं पर जांच की है। पुलिस ने इस हत्याकांड में मृतक के करीबी अर्जुन धाकड़, रामनिवास पाटीदार और बाबू धाकड़ से भी पूछताछ की है। मंदसौर पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद, मल्हारगढ़ एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी, टीआई प्रभात गौड़ सहित वरिष्ठ अधिकारी मामले की जांच में जुटे हुए हैं। श्यामलाल की कॉल डिटेल और सोशल मीडिया अकाउंट की भी गहन जांच साइबर सेल द्वारा की जा रही है।

### कॉल डिटेल से चौंके अधिकारी...

हत्या के बाद सामने आई कॉल डिटेल (सीडीआर) ने सभी को चौंका दिया। रिपोर्ट के अनुसार, नाहरगढ़ थाना प्रभारी प्रभात गौड़ और भाजपा नेता की महिला मित्र के बीच हत्या से पहले लगातार बातचीत होती रही। यह पता नहीं चल पाया कि दोनों के बीच बार-बार क्या चर्चा होती थी। लेकिन, इस लंबे संवाद ने जांच को नए मोड़ पर ला दिया है।

### सीसीटीवी बंद, महिला के परिजन पहले भी आए थे धाकड़ के घर...

हत्या वाले दिन गांव के मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे बंद मिले, जिससे जांच में और जटिलता आ गई है। सूत्रों के अनुसार, कुछ समय पहले महिला के परिजन भी श्यामलाल के घर आए थे और उनके संबंधों पर आपत्ति जताई थी। हत्या से पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में श्यामलाल और महिला प्रेमी-प्रेमिका की तरह नजर आ रहे हैं। वीडियो के अंत में लिखा है- जान वापस आ जाओ, मुझे अकेला छोड़कर कहां चले गए। वहीं, श्यामलाल के मोबाइल से भी महिला के नंबर पर लगातार बातचीत होती रही।



## महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिवस कल मनाया जाएगा

**मंदसौर, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** महान क्रांतिकारी देश की आजादी के महान नायकों के लिए तथा सैनिक के सम्मानों के लिए समर्पित देश का पहला संगठन, लगातार 15 वर्षों से महान क्रांतिकारियों के विचारधारा वाला देश बनाने के लिए संकल्पित दशपुर जागृति संगठन द्वारा 23 जुलाई को प्रात: 9.30 बजे चंद्रशेखर आजाद प्रतिमा स्थल सम्राट मार्केट में पहुंचकर 21 किलो की फूलों की माला पहनाकर महान क्रांतिकारियों के समक्ष शपथ के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर आजाद की जयंती मनाई जाएगी। इस दौरान उनके चरणों में कलावा बांधकर भारतीय संस्कृति का जनेऊजो आजाद हमेशा पहना करते वह पहनाया जाएगा।

इस कार्यक्रम में देशभक्त संगठनों को आमंत्रित किया गया है। यह कार्यक्रम नगर पालिका के विशेष सहयोग से आयोजित किया जाता रहा है। संगठन के वरिष्ठआरसी पांडे, डॉ. देवेंद्र पुराणिक, राजाराम तंवर, रविंद्र पांडे, बीएस सिसोदिया, अरुण गौड़, सीमा चौरडिया, हरिशंकर शर्मा, आशीष बंसल, महेश शर्मा, सुनील बंसल, राजेंद्र चास्टा, केशव राव शिंदे, श्याम, अजीजउल्लाह खान खालिद, जितेंद्र जैन, मनोज मंडोर, चेतन भावसार, विष्णु बैरागी, आशुतोष बैरागीआदि ने सभी देशभक्तों से अपील की है कि 23 जुलाई को प्रात: 9.30 बजे चंद्रशेखर आजाद प्रतिमा स्थल पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित करें। यह जानकारी जयंत भावसार द्वारा दी गई।

# मनोकामना अभिषेक में 35 जोड़ों सहित 82 अभिषेकार्थी बैठे

**मंदसौर, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में श्रावण मास के एकादश दिवस के द्वितीय सोमवार को मंदिर स्थित आराधना सत्संग भवन में भारत स्वाभिमान संगठन और 35 जोड़ो पति-पत्नी एवं अन्य सहित 82 अभिषेकार्थियों ने अभिषेक में सहभागिता की। मनोकामनाभिषेक में पतंजलि राज्य कार्यकारिणी सदस्य तथा भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी महेश कुमावत, पतंजलि जिला संरक्षक योग गुरु बंसीलाल टांक, अनिल कुमार जोशी, विनय राठौर, प्रकाश चावड़ा सेमलिया फौजी, नानालाल लोध, दीनदयाल



गुराडिया देदा, कन्हैयालाल माली डिगांव आदि ने महाभिषेक किया।

इस अवसर पर अभिषेक करा रहे आचार्य पं. विष्णु ज्ञानी ने अभिषेकार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब हमें किसी धार्मिक, आध्यात्मिक विशेष कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर मिलता है तो उस समय हमें अपनी भारतीय संस्कृति के अनुसार हमारी वेशभूषा धोती कुर्ता धारण कर जाना चाहिए जिससे पवित्रता बनी रहती है और हमारा जो आध्यात्मिक प्रोटोकॉल है उसका भी पालन हो जाता है। आपने कहा धन की दरिद्रता कोई दरिद्रता नहीं है सबसे बड़ी दरिद्रता और गरीबी अगर हम हमारे धर्म के अनुसार हमारी संस्कृति के अनुसार हमारा पहनावा हमारा खानपान आदि यदि शुद्ध और पवित्र नहीं है तो समझो हम सबसे बड़े दुनिया के दरिद्री है। आपने अभिषेक में प्रयुक्त पंचामृत अर्थात हमारी देसी भारतीय गाय का दूध, दही, घी और शहद का उल्लेख करते हुए देशी गाय के संबंध में बताया कि देशी गाय का दूध दही घी स्वास्थ्य की दृष्टि से उपयोग में लेना आवश्यक है इसके साथ ही गोमूत्र और गोमय अर्थात गोबर सभी तत्व औषधि के रूप में हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही आवश्यक है। गोमय अर्थात देसी गाय के गोबर का महत्व बताते हुए आपने बताया कि शास्त्रों के अनुसार गाय के गोबर में लक्ष्मी नारायण का निवास होता है जिस घर में गाय पालन होकर के गौ माता के गोबर का लेपन होता है वहां मच्छर कीटाणु आदि नहीं होते आध्यात्मिक दृष्टि से समझो वह घर पवित्र है क्योंकि भारतीय देसी गाय में हमारे हिंदू 34 करोड़ देवी देवताओं का निवासमाना गया हैऔर यदि हमारे घर में गाय नहीं हो परंतु बाहर से यदि कोई देसी गाय दरवाजे पर आकर गोबर कर जाती है तो उससे घृणा नहीं करते हुए समझो गौ माता ने उनके मकान को उचित समझ कर गोबर के रूप में भगवान लक्ष्मी नारायण के दर्शन का लाभ दिया है । मनोकामना अभिषेक का महत्व बताते हुए आचार्य श्री ने कहा कि भगवान पशुपतिनाथ के सानिध्य में बैठकर समूह में जो अभिषेक किया जा रहा है उसे अभिषेकार्थियों की मनोकामना पूर्ण होने के साथ ही सावन मास के भगवान शिव की आराधना साधना का पुण्य फल उन्हें अवश्य प्राप्त होता है आपने समस्त शिव भक्तों से अनुरोध किया है कि उन्हें समय निकालकर भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन के साथ ही मनोकामना अभिषेक का भी अवश्य लाभ लेना चाहिए।



## ईमानदारी से आजीविका प्रत्येक का कर्त्तव्य-रातड़िया

**मंदसौर, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि प्रभु और प्रकृति ने सभी मनुष्यों व अन्य प्राणियों के निर्वाह के लिए पर्याप्त साधन उपलबध करवाये है किन्तु जब कोई हक और जरूरत से ज्यादा कब्जा कर लेता है तो कई लोग वंचित हो जाते है। विषमता पैदा होती है, संघर्ष होता है इसलिये अपरिग्रह अपनाया जाना आवश्यक है। श्री ऋषियानंदजी महाराज का सदेश थोडे मे निर्वाह का स्वभाव बनाओ अपरिग्रह का ही रूप है। आपने कहा कि सम्मानपूर्ण जीवन निर्वाह के लिए ईमानदारी से आजीविका प्रत्येक का कर्तव्य है। जो मेहनत की रोटी खाता है उसके मन मे शांति रहती है किन्तु अनैतिक तरीके से धन अर्जन करता है उसकी नींद चली जाती है। यह समाज के लिये घातक है। वरिष्ठसाहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि भाग्य और पुरूषार्थ दोनो जरूरी है। सत्कर्म से ही सौभाग्य उदय होता है। कर्म से ही भाग्य का निर्माण होता है। श्री राजकुमार जसवंत एवं श्री सत्यनारायण भूरिया ने विचार रखे। श्री सुरेश पण्ड्या, श्री अभय जैन, श्री सुरेश कोठारी, श्री विनोद चैबे, श्री प्रहलाद मालवीय ने मंगलाचरण गीत भजन प्रस्तुत किये। श्री वल्लभ बघेरवाल, श्री प्रकाश कल्याणी, श्री राजेन्द्र छाजेड, श्री लक्ष्मीनारायण कोठारी, श्री सुनील फरक्या, श्री अमृतराम सुनार्थी, श्री ओमप्रकाश जायसवाल, श्री शांतिलाल ब्रिजवानी, श्री त्रिलोचनसिंग छाबडा ने संवाद मे सहभागिता की। श्री सांई मंदिर प्रबंधक श्री निरंजन भारद्वाज ने गतिविधियो की जानकारी दी। संचालन आध्यात्मिक चेतना अभियान के संयोजक श्री विनोद शर्मा ने एवं आभार प्रदर्शन श्री कृष्णकुमार जोशी ने किया।



# अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मंदसौर की त्रैमासिक बैठक सीतामऊ में संपन्न

**मंदसौर, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अ.भा. पूर्व सैनिक सेवा परिषद की सीतामऊ इकाई द्वारा सीतामऊ स्थित राधा की बावड़ी, हनुमान मंदिर में त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों द्वारा भारत माता एवं सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात हाल ही में सेवानिवृत होकर लौटे कैप्टन सुरेश परमार व सीतामऊके दो सेवानिवृत्त पूर्व सैनिक लालचंद एवं दशरथ मालवीय का स्वागत किया गया। इसके पश्चात आने वाली 26 जुलाई को एचडीएक्स डूप्लेक्स किटियानी मंदसौर कारगिल पार्क में कारगिल विजय दिवस मनाने को लेकर रूपरेखा तय की गई तत्पश्चात सह कोषाध्यक्ष नरेंद्र पाटीदार द्वारा संगठन के आय-व्यय रखा गया। सभी पदाधिकारियों द्वारा संगठन को मजबूती व संगठन के अन्य विषयों पर भी चर्चाएं हुई सभी सहभागियों को सीतामऊइकाई द्वारा सहभोज करवाया गया। जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर ने सीतामऊइकाई कि प्रशंसा की। संचालन सीतामऊतहसील प्रभारी महेंद्र जोशी ने किया आभार जिला सचिव भगवत सिंह सिसोदिया ने माना। इस अवसर पर संगठन के मार्गदर्शक श्रवण कुमार त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष दशरथ सिंह चौहान, मोहनलाल पोम्पडिया, सुरेश परमार, जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर, शंभू गिरी गोस्वामी, जिला सचिव भगवतसिंह सिसोदिया, मांगीलाल राठौर, रघुनाथसिंह दांगी, रामनारायण गुर्जर, मिट्ठू सिंह सिसोदिया, सन्नी भावसार, जिला पंचायत सदस्य जगदीश धनगर, बादर सिंह, रणजीत सिंह, प्रेमकुमार सोलंकी, ब्रजराज सोलंकी, लालचंद्र जितेंद्र माली, सीतामऊतहसी प्रभारी महेंद्र जोशी, शामगढ तहसील प्रभारी राजेश खारोल, सुवासरा तहसील प्रभारी विष्णु नारायण, मंदसौर तहसील प्रभारी ओमप्रकाश अहीरवाल, संगठन मंत्री प्रहलाद राठौड़, दिनेश पाटीदार, उपाध्यक्ष नरेंद्र खटवड, उपाध्यक्ष महेश राठौड़, सह कोषाध्यक्ष नरेंद्र पाटीदार, बनवर सिंह राठौड़, मुकेश सोलंकी, मंगल सिंह राठौड़, लक्ष्मीनारायण सोलंकी, राजेश नागदा, दशरथ मालवीय, दीपक सोनी, पर्वत लाल सोलंकी, नंदलाल, आकाश द्विवेदी, मनोज बंबोरिया, प्रेम सोलंकी, विनोद मालवीय, प्रदीप कैरवा सहित 50 पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।



## धार्वे ने दीनदयाल रसोई का निरीक्षण किया

**नीमच, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** दीनदयाल रसोई योजना के तहत बस स्टेण्ड नीमच पर रसोई का शहरी विकास परियोजना अधिकारी एवं डिप्टीण कलेक्टसर श्री चंद्रसिह धार्वे ने सोमवार को आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होएने दीनदयाल रसोई केंद्र प्रबंधक को भोजन की गुणवत्ताो पर विशेष ध्यारन देने के निर्देश दिए। साथ ही स्वोच्छबता पर ध्यावन देने और प्रतिदिन साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए। परियोजना अधिकारी ने उपस्थित हितग्राहियों से भोजन की गुणवत्तात के बारे में चर्चा की। उन्होंने भोजन बनाने वाले कर्मचारियों को सलाह दी, कि वे स्वच्छता के साथ भोजन बनाए।

## जिला पंचायत की बैठक कल

**मंदसौर, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन द्वारा बताया गया किजिला पंचायत मंदसौर की सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार की अध्यक्षता में 23 जुलाई 2025 को समय दोपहर 1:00 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होगी।

# श्री प्रेम प्रकाश आश्रम में सनातन धर्म का पूर्ण पालन किया जाता है-पं.जोशी

**मंदसौर, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** श्री प्रेम प्रकाश आश्रम में सनातन धर्म का परिपूर्ण पालन करते हुए प्रति वर्ष घ् पवित्र पावन सावन मास के हर सोमवार को प्रात: 6 बजे अमृत वेला में अष्ठमुखी भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव की अष्ठधातु की प्रतिमा का विधी विधान एवं धार्मिक भावनाओं से अभिषेक किया जाता है। आज संयोग से सोमवारी एकादशी ग्यारस होने से भगवान आशुतोष का अभिषेक अत्यंत ही श्रेष्ठ है।

यह विचार मालवांचल के विद्वान पं. श्री उमेश जोशी (शास्त्री) ने सोमवार को अभिषेक कराते हुए प्रकट किये, आपने कहा कि इस आश्रम में शुद्धता एवं मर्यादा का पुरा पालन करते हुए धार्मिक गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊँरामजी महाराज एवं सद्गुरुओं की पुण्यायी व प्रताप है जो आज श्री प्रेम प्रकाश आश्रम देश विदेश में सनातन धर्म का डंका बजा रहे हैं। प्रेमप्रकाश सेवा मण्डली के अध्यक्ष के पुरूषोत्तम शिवानी ने बताया सोमवार 21 जुलाई को अभिषेक सम्पन्न करवाने वाले लाभार्थी जजमान परिवार श्रीमती कमला देवी -सुरेश कुमार मोर्य एवं श्रीमती ममता नरेंद्र संगतानी थे जिन्होंने पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना कर रूद्र अभिषेक सम्पूर्ण करवाया। इस दौरान श्री पशुपतिनाथ महांदेव की प्रतिमा का अति सुन्दर एवं मनमोहक श्रृंगार किया गया तथा भगवान की आरती की गई जिसका लाभ बड़ी संख्या में श्रृद्धालु संगत ने लिया। इस पावन अवसर पर अमृत वेला में पधारने वाले श्रद्धालु शिव भक्तों का आभार प्रदर्शन श्रीमती कमला सुरेश मोर्य एवं ममता नरेंद्र संगतानी ने प्रकट किया।



## गो भक्तों ने निकाली कावड़ यात्रा

**कुकड़ेश्वर, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मनासा विकासखण्ड की एकमात्र जनसहयोग से व युवाओं के समर्पण व त्याग से बेहतरीन तरीके से संचालित अरावली गौशाला आमेरी ( टामोटी) में वर्तमान में गौ धाम बन गया है। कुकडेश्वर नगर के गौ भक्तों के द्वारा पठार पर स्थित अरावली गौशाला से कुकडेश्वर के प्रसिद्ध प्राचीन स्थल श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव मंदिर तक पैदल कावड यात्रा निकली। जो सुबह 8 बजे गौशाला से प्रारंभ हुई व 11 बजे महादेव मंदिर पहुंची।

अरावली गौशाला के सफलतम 7 वर्ष पूर्ण होने व आठवें वर्ष में प्रवेश करने व क्षेत्र की सुख समृद्धि खुशहाली की कामना को लेकर कुकडेश्वर नगर के गौभक्त जयन मोदी, कान्हा टोडावाला, दक्ष धनोतिया, राहुल टोडावाल, पवन रोदवाल, अजय भाना, सुजल पोरवाल, कुनाल भाना, महेश मोनू मोदी के द्वारा सुबह भगवान श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव का जयकारे लगाते हुए दर्शन लाभ लेकर, जलाभिषेक किया।

# अभा साहित्य परिषद की संस्मरण विचार संगोष्ठी सम्पन्न

**मंदसौर, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद की संस्मरण संगोष्ठी वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल के मुख्य आतिथ्य, डॉ. उर्मिलासिंह तोमर, चन्द्रकलासिंह के विशेष आतिथ्य, नरेन्द्रसिंह राणावत की अध्यक्षता एवं इंजि. दिलीप जोशी, नन्दकिशोर राठौर, नरेन्द्र त्रिवेदी, नरेन्द्र भावसार, अजीजुल्लाह खान, यशवंत प्रजापति, निरंजन भारद्वाज, प्रकाश कल्याणी, गोपाल पाण्डे जितेन्द्र टेलर, डी.जे.सिंह, राजकुमार अग्रवाल, फेंकी जैन की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अमेरिका प्रवास से लौटी डॉ. उर्मिला



तोमर एवं चन्द्रकलासिंह ने अपने प्रवास के संस्मरण सुनाये। इस अवसर पर डॉ. बटवाल ने कहा कि अ.भा. साहित्य परिषद साहित्य की सभी विधाओं पर गोष्ठियां करके सही मायने में साहित्य संवर्धन कर रहा है। आज संस्मरण विषय पर जीवन की उन स्मृतियों की बात की जा रही है जो किसी यात्रा या घटनाओं के खट्टे मीठे अनुभव को चित्रित करती है। जिसमें अधिकांश स्मृतियों के खट्टे मीठे अनुभवों के एहसास होते है। दूसरे शब्दों में स्मृतियों के खट्टेमीठे एहसास का सुखद प्रकटीकरण है संस्मरण

इस अवसर पर डॉ. उर्मिला तोमर जो हाल ही में अमेरिका प्रवास से लौटी है अपना संस्मरण सुनाते हुए कहा कि वैसे तो सारे जहां से अच्छा हिन्दूस्तां हमारा है परन्तु अमेरिका में बसे अपने बेटे बहू एवं पोते के साथ बिताए पल मेरे लिये अविस्मरणीय है उसमें भी मेरा पोता तो अब वयस्क हो गया है। उससे 4 जुलाई जो अमेरिका का स्वतंत्रता दिवस है, एक स्थान पर जाने के लिये पूछा तो उसने कहा आप सब यदि मेरे साथ मेरी गाड़ी में चलेंगे तो गाड़ी मैं ही ड्राइव करूंगा और उस दिन 9 घण्टे तक गाड़ी चलाकर पूरी जिम्मेदारी के साथ पूरे परिवार को (मुझे और मेरे बेटे बहू) निर्धारित स्थान पर ले गया एवं वापस लेकर आया। इस अवसर पर चन्द्रकलासिंह ने अपना संस्मरण सुनाते हुए कहा कि मैं भी तोमर मेडम के साथ अमेरिका से लौटी हॅू। लौटते समय मैंने मेडम के भीतर एक सकारात्मक सोच एवं आखिरी समय तक हार नहीं मानने का जज्बा देखा। भारत वापसी में नईदिल्ली से मंदसौर ट्रेन से आने का रिजर्ववेशन 4.50 पर नईदिल्ली एयरपोर्ट पर लेडिंग और 6.30 पर निजामुद्दीन स्टेशन पर ट्रेन डिबार्चर लगभग डेढ़ घण्टे के कम समय में एयरपोर्ट से लगेज के साथ निकलना, निजामुद्दीन पहुंचना, कुली के मना करने पर भी उनका हौंसला बढ़ाना तथा ट्रेन छूटने से 10 सेकण्ड पहले सामान और मुझे लेकर ट्रेन में घूस जाना असंभव को संभव करने के लिये सर्तकता से सफल हो जाने का हौंसला मेडम तोमर में देखा जो मेरे लिये यादगार संस्मरण बन गया है। इस अवसर पर नंदकिशोर राठौर ने अपना तीन दिवसीय चिंतन शिविर डिकेन का साहित्यकारों द्वारा साहित्य की विभिन्न विधाओंपर आधारित चिंतन का संस्मारण सुनाया। इस अवसर पर गोपाल पाण्डे ने चन्द्रशेखर आजाद का संस्मरण सुनाया। फैनी जैन ने बासुरी वांदन किया, नरेंद्र त्रिवेदी ने संगीत महाविद्यालय का संस्मरण सुनाया, नरेन्द्र भावसार ने जीवन के हास्य संबंधित संस्मरण सुनाये तो राजकुमार अग्रवाल ने भजन सुनाया। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र भावसार ने किया व आभार नन्दकिशोर राठौर ने माना।

## मेघवाल समाज संघ की प्रांतीय बैठक 27 को आगर मालवा में

**मंदसौर, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मेघवाल समाज के प्रदेशाध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर राठौर की अध्यक्षता में 27 जुलाई, रविवार को कंपनी गार्डन छावनी नाका आगर में आयोजित की जायेगी। जिसमें मंदसौर, नीमच, रतलाम, झाबुआ, उज्जैन, धार, देवास, इंदौर, आगर, शाजापुर, राजगढ़, गुना, ग्वालियर, सिहोर, भोपाल जिले के पदाधिकारी प्रतिनिधित्व करेंगे। बैठक में आगर, उज्जैन जिले की कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा। निष्क्रिय लोगों को हटाकर सक्रिय समाज सेवियों को महत्व दिया जायेगा। प्रांतीय कार्यकारिणी का विस्तार किया जाकर कुछ जिलों के जिलाध्यक्ष नये जावेंगे। बैठक में आने वाले चुनाव समाज के सक्रिय समाजसेवी कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाने की रणनीति तैयार की जावेगी। भारतीय जनगणना में जाति के स्थान पर मेघवाल जाति दर्ज करने एवं अनुसूचित जाति दर्ज करने के जनजागृति अभियान चलाने पर विचार विमर्श किया जावेगा। आने वाले समय में प्रांतीय सम्मेलन आयोजित कर समाज के प्रतिभाओं एवं समाजसेवियों को सम्मानित करने की रूपरेखा निर्धारित की जावेगी। उक्त जानकारी के.सी. सोलंकी, प्रांतीय सचिव मेघवाल समाज संघ मध्यप्रदेश द्वारा दी गई।

# भारत भ्रमण पर निकले साइकिल यात्री जितेन्द्र झा का स्वागत

**मंदसौर, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रकृति व पर्यावरण का संतुलन बनाये रखने व बेजुबान जीव जंतुओं, पशु पक्षियों को संरक्षित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जिले के ग्राम सरपुरा निवासी जितेन्द्र झा ने अखंड भारत एक साइकिल यात्रा ग्वालियर से निकले है। साइकिल करीब 7600 कि.मी. की यात्रा पूर्ण कर जितेन्द्र झां मंदसौर नगर पहुंचे यहां आपने भगवान श्री पशुपतिनाथ दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पुनित उद्देश्य से भारत भ्रमण पर निकले जितेन्द्र झा का गौ आरोग्य सेवा समिति के अध्यक्ष ओम बड़ोलिया के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया उनके



सराहनीय कार्य की अनुमोदना की।

ओम बड़ोलिया ने बताया कि जितेन्द्र झा की साईकिल पर एक साइन बोर्ड लगा हुआ था। जिस पर अखंड भारत एक यात्रा मनुष्य और प्रकृति के बीच टूटते हुये रिश्तों को जोड़ने लिए स्लोगन लिखा हुआ है। इस सम्बध मे जितेन्द्र झां ने जानकारी देते हुये हमें बताया की वह मनुष्य और प्रकृति के बीच टूटते हुये रिश्तों को जोड़ने के लिए, बेजुबानों को बचाकर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लिया है। इसी उद्देश्य से हमनें 29 फरवरी 2024 को ग्वालियर से साईकिल यात्रा की शुरुआत की थी। और यात्रा के माध्यम से भारत भ्रमण कर आमजन मानस को जीव जन्तु व पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए जागरूकता का संदेश दे रहे है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के ग्वालियर से निकलने के बाद वह मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश के विभिन्न स्थलों का साइकिल से भ्रमण कर चुके है। इस भारत भ्रमण पर उनका उद्देश्य यह भी है कि जो पशु प्रेमी जीवों के संरक्षित रखने व उनके भलाई के लिये कार्य कर रहे है उनको शासन स्तर पर पूरा सम्मान मिले तथा उनको शासन भत्ता भी प्रदान करे। इस अवसर पर ओम बड़ोलिया सहित पार्षद प्रतिनिधि शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी, सर्पमित्र सरफराज खां मल्हारगढ़, सर्प मित्र कमलदास बैरागी मंदसौर, सर्प मित्र अर्जुन सोनी मानपुर, बिजेन्द्र झा मंदसौर ने श्री जितेन्द्र झां को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।


# बाछड़ा समुदाय की अधिकाधिक बालिकाओं को पुलिस, सेना एवं पैरामिलिट्री फोर्स की चयन परीक्षा एवं फिजीकल तैयारी का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिलवाए-चंद्रा

**नीमच, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। बाछड़ा बाहुल्य ग्रामों के पंचायत सचिव अपने क्षेत्र की अधिकाधिक बालिकाओं को सशक्तु वाहिनी योजना के तहत नीमच में संचालित पुलिस, सेना, पैरामिलीट्री फोर्स की परीक्षाओं की तैयारी एवं फिजिकल की तैयारी के लिए प्रेरित कर, प्रशिक्षण दिलवाए। साथ ही स्वरोजगार योजनाओं में पात्र पांच-पांच हितग्राहियों का चयन कर एक माह में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं में हितलाभ दिलवाना सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में बाछड़ा समुदाय के कल्याण के लिए संचालित पंख अभियान नीमच की प्रगति की मासिक समीक्षा करते हुए दिए।**



बैठक में बाछड़ा बाहुल्य सभी ग्रामों के पंचायत सचिव, सभी जिला नोडल अधिकारी, जिला अधिकारी सहित जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, संयुक्त कलेक्टर डॉ.ममता खेड़े, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मयूरी जोक, सुश्री किरण आंजना भी उपस्थित थी। बैठक में कलेक्टर ने संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत बाछड़ा समुदाय के अधिकाधिक हितग्राहियों को सेंट्रींग कार्य, पशुपालन, बकरीपालन, सिलाई, ब्यूटी पार्लर, मसाला उद्योग आदि के लिए हितग्राहियों का चयन कर न्यूनतम पांच-पांच हितग्राहियों के प्रकरण तैयार करवाकर एक माह में ऋण स्वीकृति एवं हितलाभ वितरण करवाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूक्ष्मा खाद्य उन्नयन योजना के तहत एक माह में चार हितग्राहियों को ऋण एवं अनुदान स्वीकृत करवाकर हितलाभ् वितरित करवाने के निर्देश उप संचालक उद्यानिकी को दिए। उन्होने महाप्रबंधक उद्योग को बाछड़ा समुदाय के इच्छुक युवाओं को जिले में स्थापित विभिन्न उद्योगो में रोजगार दिलाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री चंद्रा ने इन सभी 26 गांवों के पंचायत सचिवों को बाछड़ा बाहुल्यं बस्तियों में सड़क, नाली निर्माण सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए। बैठक में बताया गया, कि जिला प्रशासन द्वारा सशक्त वाहिनी योजना के तहत नीमच के जाजू कॉलेज में पुलिस, सेना, पैरामिलीट्री फोर्स की लिखित चयन परीक्षा एवं फिजीकल की तैयारी के लिए नि:शुल्क कक्षाएं संचालित की जा रही है। कलेक्टर ने पंचायत सचिवों को निर्देश दिए, कि वे अपने क्षेत्र की बाछड़ा समुदाय की बालिकाओं को इस नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए प्रेरित करे, उन्हें प्रशिक्षण दिलवाएं।

# सभी प्राचार्य, बोर्ड परीक्षाओं में विद्यालय का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करें-कलेक्टर



**नीमच, 21 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सभी हाई स्कूल, हायर सेकेण्ड्री विद्यालयों के प्राचार्य अकादमिक प्लान तैयार कर उसके अनुरूप अध्यापन कार्य करवाएं। बोर्ड परीक्षाओं में सभी विद्यार्थी सभी विषयों में 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करें। प्रतिमाह मासिक टेस्ट, लिया जाए और मासिक टेस्ट के आधार पर विद्यार्थियों के परिणाम सुधार पर विशेष ध्यान दे। यहस निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा केंद्र तथा सभी हाई स्कूल, हायर सेकेण्ड्रीं के प्राचार्यो बी.ई.ओ. एवं बी.आर.सी.की बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा, वर्ष 2024-25 के बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की प्रगति की समीक्षा एवं वर्ष 2025 में परीक्षा परिणाम को ओर बेहतर बनाने की रणनीति पर चर्चा करते हुए दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, डीईओ श्री एस.एम.मांगरिया, डी.पी.सी.श्री दिलीप व्यास भी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने बोर्ड परीक्षाओं में जिले का परीक्षा परिणाम उत्कृष्टरहने पर सभी को बधाई देते हुए वर्ष 2025-26 में शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम का लक्ष्य हासिल करने और सभी विद्यार्थियों का परिणाम 85 प्रतिशत से उ्रपर रखने का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी प्राचार्यो को मासिक टेस्ट लेने और टेस्ट के परिणामों का विशलेषण कर, 75 प्रतिशत से कम अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को चिन्हित कर, उनकी कठिनाईयों को दूर कर शैक्षणिक स्तर में ओर सुधार लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ड्राप आउट सभी बच्चों को 31 जुलाई तक शाला में दाखिला दिलाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा, कि शाला जाने योग्य एक की बच्चा1 स्कूल में दाखिले से वंचित ना रहे। कलेक्टर श्री चंद्रा ने जिन विद्यालयों का बोर्ड परीक्षा परिणाम 2024-25 में संतोषजनक नहीं रहा है, उन प्राचार्यो को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। साथ ही जिन विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा परिणाम पिछले वर्षो की तुलना में बेहतर रहा है। उन्हें सूचीबद्ध कर, प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी प्राचार्यो को 25 जुलाई तक छात्रवृत्ति के लंबित प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण करने के निर्देश भी दिए।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 36 | 2012 | 2396 |
| उडद | 16 | 4000 | 5800 |
| सोयाबीन | 7580 | 3511 | 4351 |
| गैहु | 6957 | 2500 | 2911 |
| चना | 215 | 5720 | 6050 |
| मसुर | 141 | 5501 | 7199 |
| धनिया | 188 | 6151 | 7830 |
| लहसुन | 16500 | 2000 | 9100 |
| मैथी | 664 | 3000 | 6000 |
| मुंगफली | 809 | 4000 | 5140 |
| अलसी | 1171 | 6621 | 7401 |
| सरसो | 647 | 6599 | 7232 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 112 | 8600 | 11400 |
| प्याज | 3500 | 440 | 1300 |
| कलोंजी | 28 | 13000 | 20301 |
| तुलसी बीज | 15 | 10900 | 13980 |
| डॉलर | 15 | 7035 | 7901 |
| तिल्ली | 275 | 5000 | 9100 |
| जौ | 15 | 2000 | 2311 |
| मटरसुखी | 1 | 3951 | 3951 |
| असालीया | 69 | 5000 | 6551 |
| चियाबीज | 25 | 13001 | 18600 |

